# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

**समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226007**

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
निपुण भारत

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128


सेवा में,

1— प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

2— जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक— गुण0वि0/शिक्षक संकुल/ 13834 /2023—24 दिनांकः 17, फरवरी, 2024

विषयः माह फरवरी, 2024 में आयोजित की जाने वाली शिक्षक संकुल बैठक का एजेण्डा एवं Monthly Tasks के संबंध में।

महोदय/महोदया,

आप अवगत हैं कि शासनादेश संख्या—123/68—5—2020 दिनांक 17 मार्च, 2020 एवं शासनादेश संख्या—566/68—5—2020 दिनांक 23 जून, 2020 के माध्यम से जनपदों में न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षक संकुल गठन के निर्देश दिये गये हैं। बेस्ट प्रेक्टिसेज को साझा किये जाने, निपुण लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति हेतु विचार—विमर्श एवं आगामी रणनीति विकसित किये जाने तथा अकादमिक बिन्दुओं पर प्रत्येक माह एजेण्डा आधारित शिक्षक संकुल बैठकों के आयोजन के संबंध में सुसंगत निर्देश प्रेषित किये गये हैं।

अतः निर्देशित किया जाता है कि माह फरवरी, 2024 में शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन निम्नांकित निर्देशों के अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करें :—

1. माह फरवरी, 2024 में शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन **दिनांक 20 फरवरी, 2024** को सायं 3—5 बजे के मध्य संलग्न एजेण्डा बिन्दुओं के अनुसार सुनिश्चित किया जाये।
2. संकुल स्तरीय मासिक बैठक से 02 दिवस पूर्व शिक्षक संकुल द्वारा एजेण्डा बिन्दुओं का परस्पर विभाजन कर यथावश्यक तैयारी की जाये, जिससे कि सत्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके।
3. राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक—गुण0वि0/मं0 जनपद स्त0अनु0/13674/2023—24 दिनांक 13 फरवरी, 2024 द्वारा निर्गत KPIs के क्रम में प्राचार्य डायट तथा बी0ई0ओ0 एवं ए0आर0पी0 द्वारा संकुल बैठकों में प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाये।
4. संकुल बैठक सम्पन्न होने के उपरान्त समस्त शिक्षक संकुल द्वारा प्रेरणा ऐप पर दिये गये डी0सी0एफ0 पर बैठक आयोजन सम्बन्धी सूचना अवश्य भरी जाये।
5. माह फरवरी, 2024 में समस्त शिक्षक संकुल द्वारा निम्नलिखित Monthly Task पूर्ण किया जाना है :—
   - ✓ गुणवत्तापूर्ण शिक्षक संकुल बैठक सुनिश्चित करने हेतु **05 प्वाइंट टूलकिट (संलग्न)** का उपयोग किया जाये।
   - ✓ समस्त शिक्षकों को निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से प्रत्येक बच्चे का आकलन माह में एक बार करने एवं निपुण संवाद के प्रयोग के लिये प्रोत्साहित किया जाये।

Scanned with OKEN Scanner

- ✓ शिक्षकों को दीक्षा एवं यू–ट्यूब के माध्यम से साझा किए जा रहे शिक्षक प्रशिक्षण वीडियो का अवलोकन, अध्ययन तथा यथावश्यकतानुसार शिक्षण में उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाये।
- ✓ समस्त शिक्षक संकुल द्वारा छात्र उपस्थिति में वृद्धि हेतु डोर–टू–डोर अभियान का आयोजन किया जाये। डोर–टू–डोर अभियान के दौरान शिक्षक संकुल ऐसे अभिभावकों के घर जायें, जिनके बच्चे नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे हैं। शिक्षक संकुल द्वारा ऐसे अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिये अभिप्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाये।

उपर्युक्तानुसार निर्देशित किया जाता है कि अपने जनपद के समस्त शिक्षक संकुल को प्रभावी प्रदर्शन करने एवं **संलग्न एजेण्डा (सुझावात्मक)** के अनुसार बैठकें आयोजित करने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीया,

Kanchan

(कंचन वर्मा)
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा,**
**उ0प्र0।**

**पृ0सं0: गुण0वि0/शिक्षक संकुल/ 13834 /2023–24 तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0, लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
5. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद्, प्रयागराज।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
7. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
8. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

Kanchan

**(कंचन वर्मा)**
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा**
**उ0प्र0।**

Scanned with OKEN Scanner

## शिक्षक संकुल बैठक का एजेंडा - फ़रवरी, 2024

| सत्र | पहलू | विवरण | टिप्पणी | समय | किसके द्वारा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **शुभारम्भ, पृष्ठभूमि, एवं सन्दर्भ** | बैठक के वातावरण को सहज करना, जिला स्तरीय बैठक से संकुल बैठक को सुमेलित करना, एवं बैठक के उद्देश्य साझा करना | 1. बैठक में सभी प्रतिभागी समय से पहुँचें एवं गोलाकार बैठें।<br>2. बैठक की शुरुआत एक motivational कविता से करें, जिसमें सब भागीदार बनें ताकि एक सकारात्मक एवं सहज माहौल बन सके।<br>3. पिछली जिला स्तरीय मीटिंग के मुख्य बिन्दुओं को सभी के साथ साझा करना।<br>4. पिछले शिक्षक संकुल बैठक के मुख्य बिन्दुओं/ चुनौतियों पर किए गए कार्य पर चर्चा/ लिए गए निर्णयों की समीक्षा और उसके अनुसार प्राथमिकताओं का निर्धारण करना।<br>5. डिजिटल शिक्षक प्रशिक्षण वीडियो को सभी शिक्षकों के साथ देखना एवं वीडियो के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा करना:<br>> वार्षिक व साप्ताहिक शिक्षण योजना : bit.ly/acadteachingplan<br>> भाषा की शिक्षक संदर्शिका की समग्र समझ : bit.ly/hindisandarshika<br>> गणित की शिक्षक संदर्शिका की समग्र समझ : bit.ly/mathsandarshika<br>> आकलन व रिमीडियल शिक्षण योजना : bit.ly/assessandremdial | 10 मिनट | नोडल शिक्षक संकुल/ ए०आर०पी० |
| 2 | **मासिक विषय आधारित चर्चा** | फ़रवरी, 2024 का विषय : निपुण विद्यालय आकलन परिणाम | इस प्रक्रिया हेतु मुख्य बिन्दु निम्नलिखित हैं:<br>i. शिक्षक संकुल द्वारा अपने विद्यालयों के निपुण विद्यालय आकलन के परिणाम पर चर्चा<br>ii. ARP द्वारा चयनित विद्यालयों के निपुण विद्यालय आकलन के परिणाम पर चर्चा<br>iii. निपुण विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किये गये प्रयासों की शेयरिंग।<br>iv. समस्त समूह द्वारा निपुण विद्यालय के शिक्षकों की प्रशंसा, तथा अगले वर्ष हेतु रणनीति पर चर्चा। | 25 मिनट | शिक्षकों द्वारा |
| 3 | **निपुण भारत मिशन के अंतर्गत तकनीकी प्रयास** | निपुण भारत मिशन के अंतर्गत तकनीकी साधनों पर प्रदर्शन | निपुण भारत मिशन के अंतर्गत उपलब्ध कराये गये पोर्टल, निपुण लक्ष्य ऐप, निपुण संवाद चैटबॉट, निपुण भारत मानीटरिंग सेंटर (NBMC), विद्या समीक्षा केंद्र एवं प्रेरणा ऐप के प्रयोग हेतु वीडियो एवं उनके प्रयोग पर चर्चा:<br>- निपुण लक्ष्य ऐप: http://bit.ly/NLappdemo (निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से समस्त बच्चों के निपुण लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति जानें।)<br>- निपुण संवाद चैटबॉट: https://bit.ly/nipunsamwaad (निपुण संवाद चैटबॉट के माध्यम से राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्रेषित समस्त जानकारी प्राप्त करें।)<br>- विद्या समीक्षा केंद्र: - 0522-3538777 से संपर्क कर आप अपनी समस्याओं का समाधान पाएँ तथा अपनी समस्या को राज्य परियोजना कार्यालय से साझा करें।<br>- प्रेरणा ऐप: सभी शिक्षकों के फोन तथा टैबलेट में प्रेरणा ऐप डाउनलोड करवाएँ। | 30 मिनट | शिक्षक संकुल द्वारा |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | **निपुण भारत मिशन की अकादमिक रणनीति पर चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण** | भाषा एवं गणित की शिक्षण योजना पर चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण | **कक्षा 1, 2 एवं 3 के शिक्षकों के समूह** :<br>भाषा एवं गणित की शिक्षण योजना पर चर्चा<br>भाषा : कक्षा 2 व 3 में प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास की योजना पर चर्चा।<br>चर्चा के बिन्दु:<br>i. क्या सभी शिक्षक प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास के चरणों के अनुसार कार्य कर पा रहे हैं?<br>ii. प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास प्रक्रिया कराते हुये आपको कहाँ चुनौती आ रही है?<br>iii. प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास के दौरान अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिस पर चर्चा।<br><br>गणित : गणित खेल तथा कार्यपत्रक करने हेतु GRR (Gradual Release of Responsibility) पर चर्चा।<br>चर्चा के बिन्दु:<br>i. GRR (Gradual Release of Responsibility) जिसमे मैं करूँ, हम करें, आप करें के प्रयोग हेतु कार्य कैसे किया जाता है?<br>ii. GRR का कक्षा-शिक्षण में महत्व<br><br>**प्रस्तुतीकरण से संबंधित दिशा-निर्देश**<br>i. प्रवाहपूर्ण पठन कार्य करने हेतु उत्कृष्ट प्रयासों की शेयरिंग।<br>ii. GRR करते हुये प्रस्तुतीकरण।<br>iii. GRR कार्य करने के उत्कृष्ट प्रयासों की शेयरिंग।<br><br>**कक्षा 4-8 के शिक्षकों के समूह :**<br>1. पिछली बैठक में बनायी गई शिक्षण योजनाओं या निर्धारित शिक्षण उद्देश्यों पर चर्चा।<br>2. Swiftchat से शिक्षक सहायक का उपयोग:<br>3. कक्षा-शिक्षण में क्रियान्वयन हेतु अपनाई गई बेस्ट प्रैक्टिस की शेयरिंग करें। | 40 मिनट | शिक्षक संकुल एवं शिक्षकों द्वारा |
| 5 | **परिषदीय वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर चर्चा** | विद्यालयों में होने वाले वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर चर्चा तथा रणनीति बनाना | परिषदीय विद्यालयों में होने वाली वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर चर्चा एवं रणनीति बनाना। चर्चा के मुख्य बिन्दु:<br>- छात्रों की परीक्षा हेतु तैयारी।<br>- छात्रों के लिये रिमीडियल एवं पुनरावृत्ति कैसे होनी चाहिए?<br>- आगामी परीक्षा के दृष्टिगत शिक्षण योजना को किस प्रकार design किया जाना चाहिए? | 20 मिनट | शिक्षक संकुल एवं शिक्षकों द्वारा |
| 6 | **निष्कर्ष एवं संकलन** | बैठक के निष्कर्ष एवं निर्धारित कार्ययोजना पर चर्चा | 1. बैठक का निष्कर्ष एवं संकलन करना एवं शिक्षकों को निपुण विद्यालय बनाने हेतु कार्य करने के लिये प्रोत्साहित करना।<br>2. **शिक्षक संकुल द्वारा DCF भरना**। | 5 मिनट | ए०आर०पी०/ शिक्षक संकुल |

**याद रहे कि शिक्षक संकुल NIPUN Bharat Mission की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सभी शिक्षकों के लिए रोल मॉडल बनने के लिए आपकी तैयारी, शिक्षण सामग्री की समझ एवं आपके सुझावों की परिपक्वता अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी।**

# शिक्षक संकुल मासिक बैठक Toolkit

## 5-पॉइंट टूलकिट

- संकुल के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करना
- बैठक में विस्तार से विषयों पर चर्चा व प्रस्तुतीकरण करना
- शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण करना
- निपुण विद्यालय की ओर संकुल की प्रगति का आकलन
- टीम-बिल्डिंग एवं शैक्षिक गतिविधियों का क्रियान्वयन